गुलाबी लट पर जागरुकता कार्यक्रम

कृषि विज्ञान केन्द्र, ग्रामोत्थान विद्यापीठ, सगरिया व केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान, सिरसा के संयुक्त तत्वाधान में गांव उमेवाला ब्लाॅक पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़ में नरमा कपास में गुलाबी लट जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र, संगरिया के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डाॅ. अनूप कुमार ने केन्द्र पर संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुये गुलाबी सूंडी के एआई स्मार्ट ट्रेप प्रोजेक्ट से किसानों को अवगत कराया। केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान सिरसा के वरिष्ठ वैज्ञानिक (बीज) ने किसानों को नरमा कपास के बीज की पहचान, बीज का चुनाव व बीजोपचार के बारे में बताया। कृषि विज्ञान केन्द्र संगरिया के शस्य वैज्ञानिक डाॅ. चन्द्रशेखर शर्मा ने किसानों को संतुलित उर्वरक प्रबन्धन, नरमा कपास की शस्य क्रियाओं तथा जल व खरपतवार प्रबन्धन के बारे में जानकारी किसानों को दी। केन्द्र के कीट वैज्ञानिक डाॅ. उमेश कुमार ने कृषकों को नरमा कपास के कीटों की पहचान, जीवन चक्र, आर्थिक नुकसान स्तर तथा इसके सही समय पर प्रबन्धन के बारे में जानकारी दी तथा गुलाबी लट के एआई स्मार्ट ट्रेप के महत्व से किसानां को अवगत करवाया।

केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान सिरसा के वैज्ञानिक डाॅ. आशियन वाशिंगटन सिंह ने नरमा कपास में लगने वाले रोगों के बारे में जानकारी देते हुये इसके प्रभावी नियंत्रण के बारे में बताया। इसके बाद सभी किसानों के साथ एआई स्मार्ट ट्रेप का अवलोकन किया गया।इसी दौरान कृषि विभाग के कृषि पर्यवेक्षक ओमप्रकाश वर्मा व इन्द्राज ने विभागीय योजनाओं के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में 85 किसानों ने भाग लिया।

ऑफ सीजन में गुलाबी सुंडी का प्रबंधन
''कपास की गुलाबी सुंडी का सही समय पर मानिटरिंग
के लिए AI फेरोमोन ट्रेप पायलट प्रोजेक्ट''
उर्वरकों का सन्तुलित उपयोग अभियान
हनुमानगढ़